पत्रांक–09/स्था0–21–15/2025 सा0प्र0......5652......../

बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राज किशोर तिवारी,
सरकार के अवर सचिव

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना
पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, बिहार, पटना
महाधिवक्ता का कार्यालय, बिहार, पटना
सभी प्रमण्डीय आयुक्त
सभी आयोग के सचिव, बिहार, पटना
मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना

ई–मेल
स्पीड पोस्ट

पटना, दिनांक–25.3./2026

विषय :– अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023 के प्रावधानों के आलोक में बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय लिपिक को उच्चवर्गीय लिपिक के पद का उच्चतर प्रभार देने के संबंध में।

प्रसंग– सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–3957, दिनांक–25.02.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10.2023 द्वारा परिचारित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023 के प्रावधानों के आलोक में बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय लिपिक को उच्चवर्गीय लिपिक के पद का उच्चतर प्रभार देने हेतु बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के वैसे निम्नवर्गीय लिपिक जिन्होंने निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर 03 वर्ष 06 माह कालावधि पूर्ण कर ली हो उनकी सेवा संबंधी सूचना, आरोप स्थिति एवं विगत 05 वर्षों की गोपनीय चरित्री संबंधित प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र 'क' में 15 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10.2023 के आलोक में उच्चतर पद का प्रभार दिये जाने के निमित्त स्थापना विशेष के अन्तर्गत उच्चवर्गीय लिपिक के कुल स्वीकृत बल एवं अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10.2023 की कंडिका–6(v) के आलोक में निम्नवर्गीय लिपिक से उच्चवर्गीय लिपिक के पद पर उच्चतर पद के प्रभार हेतु गणना करते हुए सुरक्षित रखे जाने वाले पदों के उपरान्त शेष पात्र निम्नवर्गीय लिपिक की सेवा संबंधी सूचना कालावधि क्षांत हेतु आपेक्षित है।

अतएव अनुरोध है कि बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के उच्चतर प्रभार दिये जाने के निमित्त स्थापना विशेष के अन्तर्गत उच्चवर्गीय लिपिक के कुल स्वीकृत बल एवं उक्त अधिसूचना के कंडिका–6(v) के आलोक में गणना कर पात्र वैसे निम्नवर्गीय लिपिक जिन्होंने निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर 03 वर्ष 06 माह कालावधि पूर्ण कर ली हो उनकी सेवा संबंधी सूचना, आरोप

स्थिति एवं विगत 05 वर्षों की गोपनीय चरित्री संबंधित प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र 'क' में 15 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–प्रपत्र–'क' (सेवा/आरोप/चरित्री संबंधी विहित प्रपत्र)

विश्वासभाजन,

24/03/26

(राज किशोर तिवारी),

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांकः–09/स्था0–21–15/2025, सा0प्र0 5652 पटना–15, दिनांक– 25.3. 2026

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, स्थापना, प्रभारी प्रशाखा–04/आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/03/26

सरकार के अवर सचिव

अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023 के तहत बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय लिपिकों को उच्च वर्गीय लिपिक के पद का कार्यकारी प्रभार दिये जाने संबंधी विहित प्रपत्र :–

विभाग/कार्यालय का नाम :–..

क्र0 सं0	वरीयता क्रमांक	निम्नवर्गीय लिपिक का नाम	निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर योगदान की तिथि	आरक्षण कोटि	हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि	कम्प्यूटर सक्षमता जाँच परीक्षा में उत्तीर्णता की तिथि	सेवा सम्पुष्टि की तिथि	निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर कार्यरत कालावधि	आरोप की स्थिति	विगत 05 वर्षों की गोपनीय चरित्री (वर्षवार)	कालावधि में प्रस्तावित छूट	उच्चवर्गीय लिपिक के कुल स्वीकृत पद	अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक–13.10. 2025 के कंडिका–6(v) के आलोक में गणना के पश्चात् कार्यकारी प्रभार देने हेतु अनुमान्य पद	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15

विभाग/कार्यालय स्थापना के वरीय प्रभारी का हस्ताक्षर